आयुक्तालय, केंद्रीय माल व सेवा कर तथा केंद्रीय उत्पाद शुल्क,
मुंबई मध्य का कार्यालय,
OFFICE OF THE COMMISSIONER OF CGST & CENTRAL EXCISE,
MUMBAI CENTRAL,
जीएसटी भवन, महर्षि कर्वे मार्ग, चर्चगेट, मुंबई- 400 020
GST BUILDING, M. K. ROAD, CHURCHGATE, MUMBAI- 400 020

प्रतिष्ठा में,
सभी मण्डल प्रभारी,
सभी अनुभाग प्रभारी, मुख्यालय
केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर, मुंबई मध्य।

महोदय/ महोदया

**विषय:- सरकारी कामकाज ( टिप्पण/आलेखन )मूल रूप से हिन्दी में करने तथा अधिकारियों द्वारा हिन्दी में श्रुतलेख (डिक्टेशन) देने के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार योजना (2025-2026) के संबंध में ।**

उपरोक्त विषय के संदर्भ में, राजभाषा विभाग ,गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार ,वर्ष 2025-2026 के लिए अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा टिप्पण -आलेखन मूल रूप से हिन्दी में करने तथा हिन्दी में डिक्टेशन देने के लिए नकद प्रोत्साहन पुरस्कार योजना 2025-26 नियमित की जा रही है । जिसकी अवधि 1.04.2025 से 31.03.2026 तक है |

**<u>हिन्दी में टिप्पण एवं आलेखन के लिए पुरस्कार राशि</u>**

1. प्रथम पुरस्कार -( 02 पुरस्कार ) प्रत्येक 5000/- रुपये
2. द्वितीय पुरस्कार -(03 पुरस्कार ) प्रत्येक 3000/-रुपये
3. तृतीय पुरस्कार - (05 पुरस्कार ) प्रत्येक 2000/- रुपये

**<u>हिन्दी में डिक्टेशन देने के लिए</u>**

1. प्रथम पुरस्कार - (01 पुरस्कार ) 5000/-रुपये

इस योजना में भाग लेने वाले अधिकारी/ कर्मचारी अपने द्वारा किए गए हिन्दी कार्य का विवरण संलग्न प्रपत्र में भरकर तथा अपने उच्चाधिकारी से प्रमाणित करवा कर दिनांक 30.06.2025 तक हिन्दी अनुभाग को भेज दे |

**<u>पात्रता (Eligibility)</u>**

1. केवल वही अधिकारी/ कर्मचारी पुरस्कार के पात्र होंगे जो वर्ष में कम से कम 20 हजार शब्द हिन्दी में लिखेंगे |

एम. श्रीकान्त

(एम. श्रीकांत)
अपर आयुक्त (राजभाषा)

प्रतिलिपि: वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।